भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 718
गुरूवार, 08 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक)

मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत राज्यों को आबंटित निधि

718. सुश्री कविता पाटीदारः
श्री बृज लालः
श्री कामाख्या प्रसाद तासाः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 2023-24 की अवधि के दौरान मध्य प्रदेश, केरल और असम राज्यों को आवंटित निधि विगत वर्षों में आवंटित निधि की तुलना में अधिक है; और

(ख) यदि हाँ, तो वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-2024 तक वार्षिक रूप से कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ख): श्रम और रोजगार मंत्रालय, राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) योजना का कार्यान्वयन कर रहा है, जिसके तहत, रोजगार चाहने वालों को करियर संबंधी सेवाएं जैसे रोजगार खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यवसायिक मार्गदर्शन आदि प्रदान करने के लिए आदर्श करियर केंद्र(एमसीसी) की स्थापना हेतु राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकार को सहायता प्रदान की जाती है। एनसीएस योजना के तहत, एमसीसी की स्थापना के लिए राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को उनके प्रस्तावों के लिए धनराशि जारी की जाती है। एनसीएस योजना के तहत, वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक मध्य प्रदेश, केरल तथा असम को जारी धन राशि का विवरण इस प्रकार हैः

(रुपये में लाख)

राज्य	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
मध्य प्रदेश	29.70	-	-	-	4.92
केरल	66.60	640.20	8.19	-	-
असम	44.25	6.74	-	125.25	-

***